**प्रेस विज्ञप्ति**

**सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2020-21 (श्रृंखला XII)- निर्गम मूल्य**

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या फ़.संख्या.4(4)-B(W&M)/2020 दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 के संदर्भ में, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2020-21 (श्रृंखला- XII), **मार्च 01-05, 2021** की अवधि के लिए खोली जाएगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2020-21 (श्रृंखला-XII) की निपटान तिथि **09 मार्च 2021** होगी । इस अभिदान अवधि के दौरान बॉन्ड का निर्गम मूल्य ₹ 4,662 (चार हजार छह सौ बासठ रुपये मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंककी प्रेस विज्ञप्ति दिनांक **26 फ़रवरी, 2021** में भी प्रकाशित किया गया है ।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों, जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये मात्र) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य ₹ 4,612 (चार हजार छह सौ बारह रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ बलॉक,
नई दिल्ली- 110001.
**दिनांकः 26 फ़रवरी, 2021**